# सी.ओ.एम. की बैठक

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**दिनांक: 9 अक्तूबर 2021**
**स्थान : 46, पाटलीपुत्रा कालोनी, पटना।**
**समय : दिन के एक (1) बजे से**
**उपस्थिति : रजिस्टर के अनुसार**

**अध्यक्षता**

माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी ने कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक की अध्यक्षता की।

**कोरम**

यह सुनिश्चित करने के पश्चात कि बैठक के लिए अपेक्षित सदस्यगण इस कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक मे उपस्थित/सम्मलित है। बैठक की शुरुआत किया गया।

उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्यों की अनुमति से, कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक बुलाने की सूचना जो पूर्व में सभी सदस्यों को दिया गया था, पुनः आज के चर्चा के लिए रिकॉर्ड पर लाया गया।

**सभा का संचालन**

माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी के द्वारा सभा का संचालन की गई। सभा की शुरुआत माननीय माननीय अध्यक्ष ने उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्ययो का स्वागत से करते हुए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की वर्तमान स्थिति से सभी को अवगत कराया।

इसके बाद कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक में वर्णित एजेंडों पर चर्चा प्रारम्भ हुआ:

**एजेंडा संख्या -1:** पूर्व मे कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक में लिए गए निर्णयों की संपुष्टि।
**निर्णय:** दिनाक 16-08-2021 मे हुई कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक में लिए गए सभी निर्णयों को पढ़ कर सभी सदस्यों को सुनाया गया जिसे सभी सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से संपुष्टि प्रदान की।

**एजेंडा संख्या- 2:** बीसीए की कमेटी – सब कमेटी के प्रतिवेदन पर चर्चा और निर्णय।
**निर्णय:** इस एजेंडा पर चर्चा हुई, चर्चा के उपरांत टूर्नामेंट एवं चयन समिति कमिटी अलावा सभी कमेटी-सब कमेटी को निरस्त करते हुए, नई कमेटी-सब कमेटी बनाने के लिए बीसीए अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।

**एजेंडा संख्या -3:** लोकपाल और नैतिक अधिकारी के रिपोर्ट पर चर्चा एवं निर्णय।
**निर्णय:** नैतिक अधिकारी सह प्रभारी लोकपाल श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह (अवकाश प्राप्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) के द्वारा लिए गए सभी निर्णयों को स्वीकार किया गया।

**एजेंडा संख्या - 4:** क्रिकेटिंग गतिवधियों पर चर्चा और निर्णय।
**निर्णय:** क्रिकेटिंग गतिविधियों के प्रभारी सह जिला संघों के प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ने विंदुवार क्रिकेटिंग गतिविधियों के संचालन और संचालन के क्रम में किए गए अवैतनिक अस्थाई नियुक्तियों, मैदानों की बुकिंग, मोइनूल हक स्टेडियम के रख रखाव तथा खिलाड़ियों के आवासन, ड्रेस, किट और भोजन पर हुए खर्चों की

Rakesh Kr Tiwary



BIHAR CRICKET ASSOCIATION
Shail Raj Complex, Buddha Marg, Patna - 800 001, Bihar, India. website: www.biharcricketassociation.com

जानकारी सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस मामले पर चर्चा के बाद श्री संजय कुमार सिंह के द्वारा विधिक तरीके से नियमानुकूल लिए गए निर्णयों को स्वीकृत करते हुए यह निर्णय लिया गया की बीसीए क्रिकेटिंग गतिविधियों के प्रभारी आगे से गतिविधियों के संचालन के क्रम में बीसीए उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह और खिलाड़ी प्रतिनिधि श्री अमिकर दयाल से विमर्श कर लिया करेंगे। माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी ने उपस्थित सभी सदस्यों को बताया कि वर्त्तमान मे कार्यकारी सचिव होने के कारण, वे BCL के गवर्निंग कौंसिल के भी सचिव है। पूर्व मे COM द्वारा जिला संघों के प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के क्रिकेट से सम्बंधित सभी तरह के गतिविधियों के लिए, सभी तरह के निर्णय के लिए अधिकृत किया गया है एवं श्री संजय कुमार सिंह इसका निष्पादन कर रहे है। अतः BCL के भी क्रिकेट से संबंधित गतिविधियों को भी सम्पादित करने का अधिकार श्री संजय कुमार सिंह को दिया जाता है। BCL मे श्री संजय कुमार सिंह ( जिला प्रतिनिधि ) BCA के प्रतिनिधि के रूप मे श्री कुमार अरविन्द पर अंतिम निर्णय आने तक कार्य करते रहेगे। जिसपर उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति बताते हुए पारित किया।

**एजेंडा संख्या – 5:** कोषाध्यक्ष के रिपोर्ट पर चर्चा और निर्णय।
**निर्णय**: इस मामले पर आगामी बैठक में चर्चा करने का निर्णय लिया गया।

**अन्यान्य विषयों पर अध्यक्ष के आदेश से चर्चा एवं निर्णय।**

**1.** जिला संघों के प्रतिनिधि एवं क्रिकेटिंग गतिविधियों के प्रभारी संजय कुमार सिंह ने अध्यक्ष महोदय से आदेश प्राप्त कर उपस्थित सदस्यों को बीसीए सचिव का पद रिक्त रहने से हो रही निरंतर परेशानियों के बारे में विस्तार से बताया।
**निर्णय**: इस मामले पर कमेटी ऑफ़ मैनेजमेंट के उपस्थित सभी सदस्यों ने चर्चा करते हुए एकमत से यह निर्णय लिया गया कि संविधान की सुसंगत धारा में अध्यक्ष को प्रदत शाक्तियों एवं कमेटी ऑफ़ मैनेजमेंट के सदस्यों के राय से अध्यक्ष महोदय जो सचिव के कार्य का निर्वहन कर रहे हैं, स्थायी व्यवस्था होने तक सचिव के द्वारा किए जाने वाले सभी कार्य (क्रिकेटिंग गतिविधि को छोड़कर) अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी द्वारा हीं कार्यान्वित किए जाएंगे।

सभी सदस्यों ने एक मत से निर्णय लेते हुए बीसीए अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी को अधिकृत किया कि वो कानूनी सलाह और वरिष्ठ सदस्यों से मशवरा कर किसी भी योग्य व्यक्ति को संविधान कि सुसंगत धारा 18 (4) J में प्रदत्त शक्तियों के आलोक में आगामी ए.जी.एम. तक सचिव के पद पर मनोनीत कर सकते हैं।

**2.** बीसीए उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह ने वर्तमान चयन समिति और सपोर्ट स्टाफ के मानदेय में एकरूपता तथा बढ़ोतरी का प्रस्ताव अध्यक्ष के आदेश से पटल पर रखा।
**निर्णय**: इस मामले पर विमर्श करते हुए चयन समिति के सभी सदस्यों एवं सपोर्ट स्टाफ के मानदेय में बढ़ोतरी सत्र 2019-2020 मे निर्धारित मानदेय से करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया जो निम्नलिखित है:

- **चयनकर्ता & कोच –** इस पर चर्चा के पश्चात आने वाली मीटिग में इस पर निर्णय लेने की सहमति हुई।
- **फिजियो एवं ट्रेनर** - इस पर चर्चा के पश्चात आने वाली मीटिग में इस पर निर्णय लेने की सहमति हुई।
- सभी फॉर्मेट के टीम मेनेजर के लिए सत्र 20-21 एवं 21-22 के लिए 1,00,000/- प्रति टूर्नामेंट प्रोफेशनल फीस स्वीकृत किया गया।

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**3.** बीसीए कोषाध्यक्ष आशुतोष नन्दन सिंह ने पूर्व में बीसीए के सपोर्ट स्टाफ रहे श्री सूरज नारायण लाल के बकाए मानदेय का मामला अध्यक्ष के आदेश से पटल पर रखा।
**निर्णय**: इस मामले पर विमर्श के बाद सभी सदस्यों ने एक मत से श्री सूरज नारायण लाल के बकाए मानदेय के भुगतान कि स्वीकृति प्रदान की।

**4.** बीसीए कमेटी ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य (खिलाड़ी प्रतिनिधि पुरुष) अमीकर दयाल ने बीसीए की पूर्व की चयन समिति के सदस्यगण सहित चेयरमैन जिया उल यकीन पर लगे प्रतिबंध को हटाने का मामला अध्यक्ष के आदेश से पटल पर रखा।
**निर्णय**: इस मामले पर चर्चा करते हुए सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि चूंकि ये बिहार क्रिकेट के वरिष्ठ खिलाड़ी है, अतः इन्हे एक चेतावनी देकर, इनपर लगे प्रतिबंध को हटाने का निर्णय, माननीय कार्यकारी लोकपाल सह एथिक्स ऑफिसर महोदय के सलाह के प्रत्याशा मे लिया जाता है।

**5.** बीसीए के जिला संघो के प्रतिनिधि सह क्रिकेटिंग गतिविधियों के प्रभारी श्री संजय कुमार सिंह एवं श्री अमिकर दयाल ने बीसीए कार्यालय के कार्यरत कर्मचारीगण के मानदेय में बढ़ोतरी का प्रस्ताव अध्यक्ष के आदेश से पटल पर रखा।
**निर्णय**: इस मामले पर विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया कि बीसीए के सी.ई.ओ. के वेतन को सभी कटौती के बाद Rs. 1,50,000/- प्रतिमाह तथा अन्य स्थायी एवं अस्थायी कार्यरत कर्मचारी के वेतन में 20% कि बढ़ोतरी की जाय। यह बढ़ोतरी दिनांक 01-04-2021 के प्रभाव से लागू होगा।

**6.** उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह ने अध्यक्ष के आदेश से बीसीए की घरेलू टूर्नामेंट के आयोजन के लिए फंड (राशि) की उपलब्धता के मामले को पटल पर रखा।
**निर्णय**: इस सन्दर्भ में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की घरेलू मैंचों के प्रायोजक के माध्यम सहित अन्य श्रोतों से आय बढ़ाने के लिए सक्षम व्यक्ति या एजेंसी के साथ करार किया जाना चाहिय. इसके लिए वेवसाईट पर रूचि की अभिव्यक्ति की सूचना प्रकशित कर सक्षम व्यक्तियों / एजेंसियों से प्रस्ताव आमंत्रित किये जांए, एवं इसका कार्यान्वयन अविलम्ब किया जाय।

**7.** अध्यक्ष के आदेश से श्री संजय कुमार सिंह ने कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट को बताया कि चल रहे BCA के ट्रायल मैचों एवं BCCI के घरेलू मैच मे जाने वाली टीम के खिलाडियों के लिए कैश (नगद) की आवश्यकता है। खिलाडियों के ट्रायल के दौरान भोजन, पानी का ब्यबस्था लोकल मार्किट से एवं BCCI के घरेलू मैचों के लिए टीम के साथ जाने वाले मेनेजर को नगद दिया जाना है, जिससे मेनेजर टीम के खिलाडियों की आवश्यकता के अनुसार खर्च करते है। इस कार्य के लिए 4 से 5 लाख नगद की आवश्यकता है। श्री संजय सिंह ने COM को बताया कि BCL मे खर्च के लिए दो लाख रुपया नगद HDFC बैंक से निकला गया था जो अभी तक खर्च नहीं हुआ है। यदि COM कि सहमती BCL से दो लाख नगद BCA मे लेने कि होती है तो तत्काल मे BCA के ट्रायल मैचों एवं BCCI के घरेलू मैच का संपादन सुगमता से हो पाएगा। इस पर विस्तृत चर्चा हुई, चर्चा के दौरान माननीय अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व मे COM के

Rakesh Kumar Tiwary



BIHAR CRICKET ASSOCIATION
Shail Raj Complex, Buddha Marg, Patna - 800 001, Bihar, India. website: www.biharcricketassociation.com

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

## सी.ओ.एम. की बैठक

द्वारा BCA के विभिन्न कार्यों के लिए एक लाख कैश-इन-हैंड को पास किया गया है। यदि क्रिकेट को कराने के लिए किसी बिहार के खिलाड़ियों का भविष्य जुड़ा है के लिए एक लाख से अधिक नगद की आवश्यकता है तो COM के पुनः अनुमोदन की आवश्यकता है।

**निर्णय** इस पर चर्चा के पश्चात सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से वन-टाइम अनुमति दो लाख नगद BCA से लेने की सहमति दी एवं सीईओ को निर्देशित किया कि इस नगद राशि की एंट्री BCA एवं BCCI के एकाउंट्स में करवाना सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए सभा को समाप्त किया।

राकेश कुमार तिवारी
अध्यक्ष